
दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921
# मरुधर विशेष
Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732



वर्ष: 01 | अंक : 145 | जयपुर | 4 जनवरी 2023 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04

## महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम भारती का निधन



जयपुर। आचार्य महामंडलेश्वर महंत पुरुषोत्तम भारती का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार सुबह 4 बजे उन्होंने अंतिम स्वांस ली। चांदपोल श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र तरुण भारती ने मुखाग्नि दी। महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज, गढ गणेश मंदिर के महंत प्रदीप औदीच्य, राधा दामोदर मंदिर के महंत मलय गोस्वामी, चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर के युवाचार्य पंडित अमित शर्मा सहित विभिन्न मंदिरों के संत महंत अंतिम यात्रा में शामिल हुए। गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी, शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, महामंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य, सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया, गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, गायत्री परिवार राजस्थान जोन के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल सहित अन्य ने पुरुषोत्तम भारती के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। जल संसाधन मंत्री डॉ महेश जोशी ने कहा कि महामंडलेश्वर महंत पुरुषोत्तम भारती के निधन से उन्हें व्यक्तिगत क्षति हुई है। धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे ने कहा कि पुरुषोत्तम भारती ने देवालय संरक्षण समिति के माध्यम से लोगों को सनातन धर्म से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अपूरणीय क्षति से संत समाज स्तब्ध है। स्वदेशी आंदोलन से जुड़े धर्मवीर चंदेल ने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम भारती का असमय निधन हम सबको व्यथित और चिंतित करता है और एक शून्य की उपस्थिति दर्ज कराता है। वे राजनीतिक क्षेत्र के माध्यम से समाज में बदलाव का प्रयास कर रहे थे। व्यक्ति किस प्रकार राजनीतिक क्षेत्र में रहते हुए सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा सकता है, यह उनके जीवन दर्शन को देखकर समझा जा सकता है। आध्यात्म में गहरी रूचि रखने वाले भारती राजनीति में आई विसंगतियों और कुरीतियों को दूर करने के लिए चिंतित रहते थे। श्रद्धांजलि सभा कलः धर्म, समाज, राजनीतिक सहित विभिन्न संस्थाओं की ओर से 5 जनवरी को भारती के निधन पर अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में शाम 4 से 5 तक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।

## पेपर लीक मामले में फरार 2 अभियुक्तों पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित

उदयपुर। सेकंड ग्रेड टीचर परीक्षा पेपर लीक मामले में फरार चल रहे आरोपी भूपेंद्र सारण पुत्र पाबूराम निवासी परावा तहसील चितलवाना जिला जालोर एवं सुरेश ढाका पुत्र मांगीलाल विश्नोई निवासी गंगगासरा थाना सरवाना जिला जालौर हाल नेमी नगर वैशाली नगर जयपुर की गिरफ्तारी पर पुलिस मुख्यालय द्वारा 25-25 हजार रुपयोंका इनाम घोषित किया गया है। उदयपुर एसपी विकास शर्मा ने बताया कि अभियुक्त भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका के विरुद्ध थाना बेकरिया पर सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के संबंध में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 और 2022 एवं आईपीसी में मुकदमा दर्ज हुआ। दोनों वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस द्वारा आसपास के जिलों एवं अन्य राज्यों में संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन अभी तक उनका कोई पता नहीं चला। महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध द्वारा दोनों अभियुक्तों पर अलग-अलग 25000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। जो भी व्यक्ति इन दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सही सूचना देगा उसे पृथक पृथक 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## निगम आदेशों की पालना नही करने पर अधिशाषी अभियन्ता निलम्बित

जयपुर। निगम के आदेशों व नियमों की पालना नही करने पर डिस्कॉम प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए एक अधिशाषी अभियन्ता को तुरन्त प्रभाव से निलम्बित कर दिया है एवं नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता एम एण्ड पी, झालावाड़ शंभुनाथ प्रसाद द्वारा निर्धारित मापदण्डों व नियमों की पालना नही करने और अधीक्षण अभियन्ता एम एण्ड पी, कोटा द्वारा निरन्तर समझाइश व चेतावनी के बावजूद भी निगम के आदेशों व नियमों की पालना नही करने पर निलम्बित किया गया है। उन्होंने बताया कि शंभुनाथ प्रसाद द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर उपभोक्ताओं की टेस्टिंग कर गलत तरीके से जेआईआर भरने व संदिग्ध उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना सतर्कता जांच के काट कर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। निलम्बन काल में शंभुनाथ प्रसाद का मुख्यालय संभागीय मुख्य अभियन्ता, भरतपुर जोन, जयपुर डिस्कॉम, भरतपुर के अधीन रहेगा।

## रक्तदान व वीरांगना सम्मान समारोह में हुआ 509 यूनिट रक्त एकत्रित

चौंमू । एबीवीपी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी राजस्थान विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य् ु५स्र नरेंद्र यादव के जन्मदिवस पर खेजरोली में विशाल रक्तदान व वीरांगना सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।



कार्यक्रम की शुरूआत मा सरस्वती व विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष नरेंद्र यादव के दादाजी हरनाथ जी यादव और वीरांगनाओ द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ।कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से आए युवा शक्ति ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आसपास के क्षेत्रों में शहीद मां भारती के वीर सपूतों के वीरांगनाओं का सम्मान किया गया इसी बीच कार्यक्रम में शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए पूरे दिन जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा जिनमें पूर्व विधायक शाहपुरा राव राजेंद्र सिंह राजकुमार देवायुष सिंह पूर्व अध्यक्ष अनुराग शर्मा राष्ट्रीय मंत्री महेंद्र शेखावत कल्पना हॉस्पिटल से डॉ प्रदीप यादव गीतांजलि हॉस्पिटल शाहपुरा से मंगल यादव जिला अध्यक्ष गौरव यादव शकर गोरा जे. यादव अहीर रेजिमेंट युवा मोर्चा इंद्र यादव देवथला से हनुमान दुसाद अमरपुरा सरपंच गजानंद यादव पंचायत समिति सदस्य हरफूल कुमावत सरपंच ओमप्रकाश यादव ु८ महामंत्री अभिजीत बराला ु८ प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव मंजू शर्मा सरदार यादव मूलचंद दायमा सोमेश शर्मा सुनील यादव योगेश यादव कानजी जयपाल मुकेश यादव छाजू यादव मालिराम यादव शिवपाल जी कृष्ण जाट मंगलचंद कुमावत सीताराम रामनारायण कानीनवाल गिरधारी हानिनवाल घनश्याम नरेश विकास रोहिताश सुरेश दीपक हंसराज राजेंद्र भरत गुजर कृष्ण कुमार कुमावत मुकेश सीताराम यादव दिनेश श्रीराम कृष्ण बाड़ीगर शंकर बाड़ीगर विश्वदत शर्मा सुरेश आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र :द्रौपदी मुर्मु

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया राजभवन में संविधान उद्यान का लोकार्पण

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों में संवैधानिक नैतिकता की भावना जाग्रत करने के लिए कार्य किए जाने पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने राजभवन में संविधान उद्यान के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि इससे संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को यहां राजभवन में संविधान उद्यान के लोकार्पण अवसर पर सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है और हमारा संविधान इसका आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के सिद्धांतों पर संविधान का निर्माण किया। मुर्मु ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परम्परा बहुत प्राचीन है। यहां बोधि संघ में भी संसदीय प्रक्रियाओं को निभाने का पालन किया जाता था। उन्होंने संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह समय के साथ बदलती जनमानस की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। राष्ट्रपति ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि संविधान को मानने वाले लोग खराब निकले तो निश्चित रूप से संविधान खराब सिद्ध होगा। दूसरी तरफ अगर संविधान को मानने वाले लोग अच्छे हुए तो संविधान अच्छा सिद्ध होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में



पंचायत से संसद तक महिलाएं अपनी उपस्थिति निरंतर बढ़ा कर राष्ट्र और समाज की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में 82 और राज्यसभा में 33 महिला सदस्य हैं। यह पहली बार है जब संसद में 100 से अधिक महिला सांसद प्रनिधित्व कर रही हैं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर संविधान निर्माण से जुड़ी विभूतियों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने संबोधन के आरम्भ में संविधान उद्यान के लोकार्पण के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारतीय संस्कृति का जीवंत दर्शन है। संविधान के लेखन, इसे निर्मित करने के लिए बनाई गयी संविधान सभा, संविधान सभा की बैठकों, संविधान निर्माण में संलग्न रहे महापुरूषों की इसमें भूमिका और इसे लागू किए जाने की यात्रा बहुत अर्थपूर्ण है। संविधान उद्यान में इस यात्रा को विभिन्न मूर्तिशिल्पों, छाया-छवियों, मॉडल्स और अन्य कलात्मक माध्यमों के जरिए जीवंत करने का प्रयास किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में आने वाले हमारे संविधान और उससे जुड़ी संस्कृति के बारे में जान सकें, इस उद्देश्य से यहां संविधान उद्यान का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान उद्यान संविधान निर्माण से लेकर उसे लागू करने तक की ऐतिहासिक यात्रा का ही साक्षी नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति का भी कला-रूप है। उन्होंने कहा कि संविधान देश के आदर्शों, उद्देश्यों व मूल्यों का प्रतिबिम्ब है। मिश्र ने कहा कि संविधान को देश की विविधता की हमारी सामाजिक संस्कृति को ध्यान में



रखते तैयार कर लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तावना है। संविधान की प्रस्तावना में इसकी शक्ति सीधे जनता में निहित की गयी है।

**संविधान की मूल भावना का प्रसार करेगा संविधान उद्यान :अशोक गहलोत**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संविधान के निर्माण के साथ ही देश में महिलाओं सहित सभी नागरिकों को बराबरी के अधिकार दिए गए। यह भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के सदस्यों की पवित्र सोच को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल भावना हर नागरिक को पता होनी चाहिए। उन्होंने कहा की इसे ध्यान में रखते हुए ही राज्यपाल कलराज मिश्र संवैधानिक जागरूकता के लिए बहुत प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क संवधानिक आदर्शों, मूल्यों और इसकी मूल भावना के प्रसार को आगे बढ़ाएगा। प्रारम्भ में राष्ट्रपति मुर्मु ने शिला पट्टिका का अनावरण कर संविधान उद्यान का लोकार्पण किया। इसके उपरान्त उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी एवं नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल के साथ संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न मूर्तियों, छायाचित्रों, मॉडल आदि में संजोई गई भारतीय संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा का अवलोकन किया। उन्होंने राजभवन में स्थापित फ्लैग पोस्ट, मयूर स्तम्भ, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप प्रतिमा की सराहना की। उन्होंने संविधान उद्यान के कलात्मक एवं विशद प्रस्तुतीकरण और वृहद शिल्प को महत्वपूर्ण बताते कहा कि इससे यहां आने वाले लोग संविधान की संस्कृति से जुड़ेंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल एवं आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया भी इस दौरान साथ रहे। राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मु को इस अवसर पर संविधान उद्यान पर प्रकाशित पुस्तक और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में संविधान उद्यान पर आधारित चलचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों के लिए स्थापित पारेषण तंत्र का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। उन्होंने एक हजार मेगावाट की बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल, राज्य मंत्रीपरिषद के सदस्यगण, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चन्द कटारिया, सांसदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव उषा शर्मा एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्यजन और प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को बचाने के लिए मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने त्यागे प्राण

### -जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज 25 दिसंबर से आमरण अनशन पर थे

जयपुर. झारखंड में जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को टूरिस्ट प्लेस बनाए जाने का विरोध कर रहे जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण त्याग दिए। सांगानेर (जयपुर) में जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज को समाधि दी गई। वे 25 दिसंबर से आमरण अनशन पर थे। झारखंड में जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को टूरिस्ट प्लेस बनाए जाने का विरोध कर रहे जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण त्याग दिए। वे झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ पिछले 10 दिन से आमरण अनशन कर रहे थे। सुज्ञेयसागर 72 साल के थे। झारखंड सरकार के फैसले के बाद सुज्ञेयसागर सांगानेर में 25 दिसंबर से अनशन कर रहे थे। मंगलवार सुबह उनकी डोल यात्रा सांगानेर संघीजी मंदिर से निकाली गई। इस दौरान आचार्य सुनील सागर सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे। जैन मुनि को जयपुर के सांगानेर में समाधि दी गई। झारखंड सरकार ने गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पहाड़ी को टूरिस्ट प्लेस घोषित किया है। इसके खिलाफ देशभर में जैन समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पारसनाथ पहाड़ी दुनिया भर के जैन धर्म के लोगों में सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखर के तौर पर प्रसिद्ध है। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भागचन्द्र जैन ने बताया कि मुनीश्री ने सम्मेद शिखर को बचाने के लिए बलिदान दिया है। वे उससे जुड़े हुए थे। जैन मुनि सुनील सागर ने कहा कि सम्मेद शिखर हमारी शान है। आज 6 बजे मुनि



सुज्ञेयसागर महाराज का निधन हो गया। जब उन्हें मालूम पड़ा था कि सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किया गया है, तो वे इसके विरोध में लगातार उपवास पर थे। राजस्थान की इस भूमि पर धर्म के लिए अपना समर्पण किया है। अब मुनि समर्थ सागर ने भी अन्न का त्याग कर तीर्थ को बचाने के लिए पहल की है। मुनि सुज्ञेयसागर का जन्म जोधपुर के बिलाड़ा में हुआ था, लेकिन उनका कर्मक्षेत्र मुंबई का अंधेरी रहा। उन्होंने आचार्य सुनील सागर महाराज से गिरनार में दीक्षा ली थी। बांसवाड़ा में मुनि दीक्षा और सम्मेद शिखर में क्षुल्लक दीक्षा ली थी। मुनि ने शुरू से उपवास व्रत की पालना की और अंत में तीर्थ को बचाने के लिए उपवास रखा। संत का घर का नाम नेमिराज था।

## टेक्नोलॉजी से बड़ा बदलाव संभव:नरेंद्र मोदी

**पीएम मोदी ने 108वें इंडियन साइंस कांग्रेस का उद्घाटन किया**

नागपुर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 108वें इंडियन साइंस कांग्रेस का वर्चुअली उद्घाटन किया। इवेंट का फोकस महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर रहा। पीएम मोदी ने कहा कि अगले 25 सालों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत अहम होगी। टेक्नोलॉजी से बड़ा बदलाव संभव है। 2015 तक हम 130 देशों के




ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान पर थे, लेकिन 2022 में हम 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। स्टार्टअप में भारत टॉप-3 पर है। महिलाएं भी आगे आकर इसमें हिस्सा ले रही हैं। हर क्षेत्र की तरह साइंस में भी महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हुई है। कार्यक्रम का सब्जेक्ट साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विद वुमन एंपावरमेंट रखा गया। इसका आयोजन तुकोजी महाराज नागपुर यूनिवर्सिटी में हुआ। तुकोजी महाराज नागपुर यूनिवर्सिटी इस साल शताब्दी समारोह मना रही है। इस दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। मोदी ने कहा कि बीते 8 सालों में गवर्नेंस से लेकर इकोनॉमी तक कई ऐसे असाधारण काम किए हैं, जिनकी आज चर्चा हो रही है। 8 सालों में एक्सट्रा मोरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हुई है। महिलाओं की ये बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि समाज भी आगे बढ़ रहा है और साइंस भी आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने आगे ने कहा कि साइंस की कोशिश बड़ी उपलब्धियों में तभी बदल सकते हैं, जब वो लैब से निकलकर लैंड तक पहुंचे। जब उसका इफेक्ट ग्लोबल से लेकर ग्रासरूट तक हो। जब उसका विस्तार जर्नल्स से लेकर जमीन तक हो। जब उससे बदलाव रिसर्च से होते हुए रियल लाइफ में दिखने लगे। पीएम ने कहा कि देश की साइंस भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाली होनी चाहिए। यह कार्यक्रम दो साल बाद आयोजित किया गया। इससे पहले 2020 में बेंगलुरु में यह इवेंट किया गया था। कोविड-19 की वजह से इसे दो साल के लिए इसे टाल दिया गया था। ये पहला मौका है, जब मोदी व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग क्षेत्रों के टॉप साइंटिस्टों के समागम में हिस्सा नहीं लिया। बता दें कि इंडियन साइंस कांग्रेस पहला सेशन 1914 में किया गया था। तब से यह हर साल आयोजित किया जाता है। मंगलवार को हुए इस इवेंट में भाग लेने वाले मेंबर एजुकेशन, रिसर्च और इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## डीएसपी पर जानलेवा हमला

### -बजरी माफिया ने डीएसपी सुरेश सांखला और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया

धौलपुर. बजरी माफिया ने डीएसपी सुरेश सांखला और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। बजरी माफिया ने डीएसपी की गाड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर मार दी और वहां से भाग गया। पुलिस ने करीब 10 किलोमीटर तक ट्रैक्टर-ट्रॉली



का पीछा कर उसको रोक लिया। जब पुलिसकर्मी बजरी माफिया को पकड़ने गए तो उसने अवैध हथियार से फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी 5 राउंड फायरिंग की। बजरी माफिया रात में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मामला धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। सीओ सिटी (डीएसपी) सुरेश सांखला ने बताया कि वह कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया के साथ सोमवार रात 8 बजे बाद शराब की दुकानों को चेक करने के लिए निकले थे। जैसे ही पुलिस की टीम मोरोली मोड़ पर पहुंची तो उनको अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली मिल गई। ट्रैक्टर ड्राइवर ने पुलिस की गाड़ियां देखी तो उसने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से गाड़ी का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी को टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लेकर मोरोली गांव की तरफ भाग गया। डीएसपी ने बताया कि बजरी माफिया मौके से भागा तो कोतवाली और निहालगंज थाना पुलिस की टीम ने करीब 10 किलोमीटर तक पीछा किया। इस दौरान ट्रॉली का टायर फटने से ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गया। नथुआ पुरा गांव के पास पुलिसकर्मी बजरी माफिया को पकड़ने गए तो उसने अवैध हथियार से एक के बाद एक 2 फायर कर दिए। इस दौरान पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद डीएसपी के गनमैन ने जवाब में 5 राउंड फायरिंग की। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### सवाई माधोपुर में जयपुर एसीबी की टीम भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की

# पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन व एईएन रिश्वत लेते गिरफ्तार

सवाई माधोपुर. सवाई माधोपुर में जयपुर एसीबी की टीम भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। एसीबी टीम ने सवाई माधोपुर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ओमप्रकाश मीणा को चालीस हजार रुपए और एईएन मुरारी लाल मीणा को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी के डी.एस.पी चित्रगुप्त महावर ने बताया गया कि साल 2021-22 में सर्किट हाउस में एक भवन का निर्माण कांट्रेक्टर अशोक चौधरी ने किया था। जिसका 10 लाख रुपए का बिल बकाया था। बिल को पास करने के एवज में एक्सईएन ओमप्रकाश मीणा और एईएन मुरारी लाल मीणा 50-50 हजार रुपए की राशि की मांग कर रहे थे। जिसकी शिकायत अशोक चौधरी ने जयपुर एसीबी के कार्यालय में की। जिसका एसीबी की टीम ने पूर्व में शिकायत का सत्यापन करवाया। सत्यापन होने के बाद एसीबी ने अपना जाल बिछाया। मंगलवार को जैसे ही कांट्रेक्टर ने एक्सईएन ओमप्रकाश मीणा को चालीस हजार रुपए और एईएन मुरारी लाल मीणा को पांच हजार रुपए दिए गए। तभी एसीबी ने दोनों ही आरोपियों को रिश्वत लेते हुए



रंगे हाथों धर दबोचा। फिलहाल एसीबी की टीम दोनों ही अधिकारियों के अन्य ठिकानों पर भी दबिश देने की कार्रवाई कर रही है। एसीबी की टीम पीडब्ल्यूडी के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। एसीबी ने पीडब्ल्यूडी के रिकॉर्ड को भी जब्त किए है। इसी तरह ही सवाई माधोपुर एसीबी टीम ने बामनवास में वरिष्ठ सहायक को पच्चीस सौ रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एक साथ हुई एसीबी की दो बड़ी कार्रवाई से सवाई माधोपुर जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

## सम्पादकीय

# जब भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस को इतने झटके लग गये, तो यात्रा खत्म होने के बाद क्या होगा?

राहुल के विवादास्पद बयानों ने भी कांग्रेस और उनकी छवि को धक्का पहुंचाया है, हालांकि इस यात्रा के दौरान राहुल की भाषण-कला में काफी सुधार हुआ है। इसमें तो जरा भी शक नहीं है कि इस यात्रा के दौरान इस नौसिखिए नेता की बाप-कमाई में काफी हिस्सा आप-कमाई का भी जुड़ गया है।कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद के बयान पर आजकल काफी लत्तम-धत्तम चल रही है। उन्होंने कह दिया कि जहाँ राम नहीं पहुँच सकते, वहाँ उनकी खड़ाऊ पहुंच जाएगी यानि राहुल गांधी जहाँ-जहाँ नहीं पहुंच पाएंगे, वहाँ-वहाँ उनकी खड़ाऊ पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। यह तो सबको पता है कि उन्होंने राहुल को राम नहीं कहा है। मैंने उनके वाक्यों को पढ़कर नहीं, सुनकर यह लिखा है लेकिन कुछ भाजपा नेताओं ने खुर्शीद की यह कहकर निंदा की है कि उन्होंने राहुल को राम बना दिया है।उन्होंने राहुल को राम नहीं बताया है बल्कि सिर्फ खड़ाऊ पर जोर दिया है। राहुल के जो फोटो अखबारों में छप रहे हैं और टीवी पर दिखाई पड़ रहे हैं, उनमें वे जूते पहने दिखाई पड़ रहे हैं तो फिर खुर्शीद के बयान का अर्थ क्या निकला? यही कि उन्होंने उपमा का इस्तेमाल किया है। क्या सलमान खुर्शीद जैसे पढ़े-लिखे नेता इतनी बड़ी गलती कर सकते हैं कि राहुल को राम बता दें? उन्होंने जूतों को भी खड़ाऊ नहीं बताया है। सिर्फ उपमा दी है। कांग्रेस के शीर्ष नेता, राहुल के प्रति कांग्रेसी नेताओं और कार्यकत्ताओं के दिल में आजकल बहुत सम्मान पैदा हो, यह स्वाभाविक है।

उन्हें लग रहा है कि राहुल की इस लंबी यात्रा से अधमरी कांग्रेस में जान पड़ जाएगी, हालांकि ऐसा कुछ होता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है। गुजरात और दिल्ली में कांग्रेस का सूपड़ा साफ क्यों हुआ, इस यात्रा के दौरान? यदि अभी यह हाल है तो यात्रा के खत्म होने पर क्या होगा? लगभग सभी प्रांतों में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में दंगल आजकल तेजी पर हैं। उन-उन प्रदेशों में इन दंगलों को राहुल की यात्रा से ज्यादा प्रचार मिल रहा है।

## दादिया दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. का बोनस वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,निकटवर्ती ग्राम दादिया मे अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति द्वारा मंगलवार को दादिया दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. के ग्राहको को राशि 15 लाख रुपए का बोनस एवं लाभांश वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अजमेर डेयरी चेयरमैन रामचंद्र चौधरी एव पूर्व किशनगढ विधायक नाथूराम सिनोदिया ने की कार्यक्रम मे दादिया समिति ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बंधन करवाकर स्वागत किया! इसी क्रम में समिति की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दादिया के विकास हेतू 51 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष राम सिंह नेहरा, उपाध्यक्ष परशुराम, सदस्यगण गोपाल, भागचंद, छगना, रामरतन, देवा राम, सुखपाल, राजाराम लादी देवी, सचिव मुकेश कुमार एवं पूर्व सरपंच बिरधिचंद शर्मा एवं एडवोकेट योगेश शर्मा, अराई थानाधिकारी गुमान सिंह व जीएसएस अध्यक्ष हगामीलाल एवं पूर्व अध्यक्ष छीतर, रंगलाल लूर,भागचन्द खोखर एवम- पशुपालक के साथ साथ ग्रामीण जन मौजूद रहे !\

## माली समाज ने मनाई सावित्री बाई फुले जयन्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई, दिनांक 03 जनवरी 2023 को फूल माली समाज अराई के तत्वावधान में सावित्री बाई फुले जयन्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह फूल मालियान समाज शिव मन्दिर अराई मे मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सैनी एसबीआई बैंक अराई रहे। इसमे कुल 10 प्रतिभावान विधार्थियों को सम्मानित किया गया है। आगे बढकर वह समाज गांव व देश का नाम रोशन करे इसके लिए प्रेरित किया गया। जिसमे माली समाज गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## देश में सावित्री बाई फूले ने नारी शिक्षा की अलख जगाई

**नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**

देश में नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली पहली शिक्षित महिला एवं प्रसिद्ध समाज सेविका सावित्री बाई फूले की 192 वीं जयंति फूले ब्रिगेड के तत्वावधान मे ब्यावर रोड स्थित अम्बेडकर सर्किल के निकट श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी और श्रध्दांजलि अर्पित की गयी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारी उमराव सैनी थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारी हरि शंकर सैनी तथा रसिक बहादुर पारीक ने उपस्थिति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूले ब्रिगेड के शाखा अध्यक्ष त्रिलोक सैनी ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने सावित्री बाई फूले के यशस्वी जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया साथ ही इस मौके पर वक्ताओं द्वारा सावित्री बाई फूले द्वारा स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य एवं सराहनीय योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर अम्बेडकर महा संघ के पूर्व अध्यक्ष मुक्ति लाल जीनगर राजेश गोमा ने भी सभा को सम्बोधित किया और फूले को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में शामिल अनुयायियों ने सावित्री बाई फूले को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## राधे-राधे युवा मंडल के शैलेश अध्यक्ष बने

**मरूधर विशेष/दौसा ।**



राधे राधे युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया कार्यकारिणी में अध्यक्ष शैलेश शर्मा उपाध्यक्ष विशाल शर्मा महामंत्री संदीप छीपा सह मंत्री आशीष शर्मा कोषाध्यक्ष अभिनव शर्मा संगठन मंत्री जीवन प्रकाश शर्मा मीडिया प्रभारी मंत्री सौरव खंडेलवाल संयोजक हिमांशु शर्मा संरक्षक आदित्य शर्मा को बनाया गया इस अवसर पर शैलेश जी ने कहा कि धार्मिक जन-जागरण कार्य के लिए हमेशा तैयार रहेंगे शैलेश अध्यक्ष पद पर आसीन होने पर शहर वासियों ने खुशी जाहिर की है

## ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की प्रशासन से लगाई गुहार और मांगी गौशाला के लिए जमीन

**नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**

नसीराबाद क्षेत्र के ग्राम झड़वासा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने व गौशाला निर्माण के लिए भूमि आवंटन की उपखण्ड प्रशासन से की मांग। मंगलवार को झड़वासा के ग्रामीणों ने नसीराबाद उपखण्ड अधिकारी अंशुल आमेरिया को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र पेश कर आम रास्ता खसरा नम्बर 945 व 2737 पर से अतिक्रमण को हटाने की मांग की और बताया की सार्वजनिक निर्माण विभाग (एन ए) भटियानी रोड़ से कुम्हारिया तक जो की बादशाह बारह रोड़ के नाम से जाना जाता है जहाँ आज भी पुराना चुंगी कार्यालय जो आज खंडर स्थिति में है वहाँ अतिक्रमियों ने वर्षों से अपना कब्जा कर अपना डेरा जमा रखा है जिससे रास्ता बंद है। उस रास्ते पर जाने वाले काश्तकारों को माल गुजारी सहित खेतों में काश्त व रखवाली के लिए आने जाने में भयंकर मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है इस पर उपस्थित ग्रामीणों व काश्तकारों ने सभी रास्तों सहित विशेषतया उक्त खसरा नम्बर को अतिक्रमण मुक्त कर प्रशासन से सीमाज्ञान कराने की मांग की और बताया इसके लिए पूर्व में प्रशासन गाँव के संग, राजस्थान पोर्टल व जनसुनवाई में इस अतिक्रमण मुक्त की मांग की मगर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे अतिक्रमियों के होंसले और बुलन्द हो गए। साथ ही साथ उपस्थित ग्रामीणों ने गायों की सुरक्षा के मध्यनजर झड़वासा में एक गौशाला के लिए भी भूमि आवंटन के लिए भी प्रशासन से मांग की इस पर उपखण्ड अधिकारी ने भूमि आवंटन के आवश्यक दस्तावेज कार्यवाही पूरी करने के लिए सभी ग्रामीणों को समझाईस की।



# तिजारा माता सावित्रीबाई फुले की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सैनी सभा समिति की ओर से भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई ! सैनी समाज के प्रधान कृष्ण सैनी तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ! माता सावित्री बाई फूले व महात्मा ज्योतिबा फुले चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया तथा शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया वक्ताओं ने भारत की प्रथम शिक्षिका, महान समाज सुधारिका , मराठी कवयित्री, क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उसके अतुलनीय योगदान पर विचार व्यक्त किए तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों पर चलने का आह्वान किया! बताया



कि माता सावित्रीबाई फुले ने छुआछूत, अंधविश्वास, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह व सती प्रथा के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष किया ! विधवा विवाह कराने , विधवाओं के लिए आश्रम खोलने व कन्या पाठशाला खोलकर महिलाओं को शिक्षा देने का अविस्मरणीय कार्य किया! सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में तथा महिलाओं के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसके कारण ही आज महिलाएं शासन व प्रशासन में अपनी हिस्सेदारी निभा रही है ! सावित्रीबाई फूले जीवन के त्याग , तपस्या, कर्मठता तथा दूरदृष्टि से हमें शिक्षा लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अग्रसर होना चाहिए! महिलाओं कोआत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें आगे आकर कार्य करना चाहिए! इस अवसर पर प्रधान कृष्ण सैनी , सचिव पदम चंद सैनी , इंदर सिंह दहिया, बलवीर सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, शिवचरण सैनी, खिल्लूराम सैनी, इंदर सिंह दहिया तेजपाल सैनी, ठाकुरसिंह पालीवाल, महेंद्र सिंह, सुभाष चंद, जय सिंह सैन, महेन्द्र सैनी, फूल सिंह सैनी, नवल किशोर सैनी, रामनिवास सैनी, कुड़िया राम सैनी, बलवंत सैनी , प्रताप सैनी, अनिल सैनी अध्यापक, मनोहर लाल सैनी, ताराचंद सैनी, मनोज सैनी, जीतू सैनी, हरिओम सैनी, संजय सैनी, योगेश गुप्ता, सुरेश चंद सैनी, विनोद सैनी, राजू सैनी व विक्रम सैनी आदि लोग उपस्थित रहे !

# अनुसूचित जाति के युवकों पर जानलेवा हमला प्रकरण में कार्यवाई की मांग को लेकर डीएसपी से मिले ग्रामीण

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल। समीपवर्ती ग्राम नूरनगर में गत दिनों 24 नवम्बर को हरसौली के कुछ दबंगों द्वारा अनुसूचित जाति के युवकों के पर किया गया जानलेवा हमला व मोबाईल लूट के प्रकरण में आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शीघ्र कार्यवाही की मांग को लेकर ग्राम नूरनगर के दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश बेनीवाल किशनगढ़ बास से मिल कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। ग्रामीणों नें मामले में पुलिस द्वारा की जा रही ढ़िलाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि आज भी आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। आरोपियों की गिरफ्तारी में ढिलाई के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद है। पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों नें बतया



कि गत 24 नवम्बर को ग्राम हरसौली निवासी करीब एक दर्जन युवकों नें अनुसूचित जाति के दो युवकों पर जानलेवा हमला करते हुए उनके मोबाईल भी लूटकर ले गये थे जिसमें पीड़ित युवक पुनीत व जितेश को काफी गम्भीर चोटे आई थी तथा उनके पिता श्यामलाल को भी चोटें आई थी। जिसका मामला थाना किशनगढ़ बास में 26 नवम्बर को दर्ज करवाया गया था। उक्त प्रकरण की जांच पुलिस उपाधीक वृत किशनगढ़ बास जयप्रकाश बेनीवाल कर रहें है। मामले में एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं होनें से पीड़ित परिवार सदमे में है। पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश बेनीवाल वृत किशनगढ़ बास नें ग्रामीणों को आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करनें का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधी दिलबाग सिंह, पर्वू सरपंच मदन लाल, तेजपाल पंच, रामू पंच, भगवान दास, शेरसिंह, खन्नी राम, रतन लाल, श्याम लाल, सुभाष चन्द, छोटे लाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। इनका कहना है इस संदर्भ में दूरभाष पर किशनगढ़ बास डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में अनुसंधान जारी है जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जयप्रकाश बेनीवाल, पुलिस उपाधीक्षक वृत किशनगढ़ बास

# नारी चौपाल का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराना। कस्बे में नीमराना माजरी रोड़ स्थित ओम श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में नारी चौपाल का आयोजन हुआ।नारी चौपाल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी ने सावित्री बाई फूले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर किया।नारी चौपाल में राज्य स्तर पर पिस्टल शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता चंचल यादव,
विज्ञान वर्ग में गोल्ड मेडलिस्ट दीपा गुप्ता,विज्ञान वर्ग में सिल्वर मेडलिस्ट मोना यादव,राजीविका में उत्कृष्ट कार्य करने पर ज्योति कंवर,रजनी यादव,तुलसा कंवर,ममता गुर्जर,संतोष प्रजापत,निशा मीना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं नारी चौपाल में पहुंचे विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने बालिकाओं से केक कटवाकर बेटी जन्मोत्सव मनाया।महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक रिषीराज सिंघल ने नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुए लैंगिक भेदभाव को मिटाकर समतामूलक समाज की स्थापना हेतु नारी चौपाल में शपथ दिलाई गई।चौपाल में महिलाओं



ने अपने अनुभव साझा किए।नारी चौपाल में विभिन्न विभागों के स्टाल्स में योजनाओं की जानकारी,उड़ान योजना,घरेलू हिंसा को रोकने की जानकारी,समाज में लिंगानुपात सुधार,महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु महिलाओं से सम्बंधित अन्तर्विभागीय योजनाओं,अधिनियमों के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता हेतु नवाचार,बालिकाओं को गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई।साथ ही नारी चौपाल में उपस्थित समस्त ग्राम साथिनों से गांव में बेटी के जन्म होने पर कांशी की थाली बजाने,जच्चा गीत,मंगल गीत गाने जैसे छोटे छोटे प्रयास करने की अपील की जिससे समाज में बेटियों के प्रति जन्म से ही होने वाले लैंगिक भेदभाव को कम किया जा सके।नारी चौपाल में राजीविका समूह की महिलाओं को इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 25-30 प्रतिशत अनुदान ऋण योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार करने की जानकारी देते हुए कार्यकताओं,आशा सहयोगिनियों को महिलाओं के स्वास्थ्य,पोषण को सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करने की अपील की।इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी,महिला अधिकारिता विभाग उप निदेशक रिषीराज सिंघल,जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,तहसीलदार पुष्पेन्द्र देशवाल,बीसीएमओ गजराज,सीडीपीओ राजकुमार यादव,ओम श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल डायरेक्टर अमीलाल यादव,व्यवस्थापक सुजानसिंह यादव,नीमराना थानाधिकारी सुणीलाल मीना,डॉ दीपशिखा,पीईओ स्वाती पारिक,अनिता यादव,नीमराना प्रधानाचार्य कर्म सिंह यादव,पर्यवेक्षक मनीषा यादव,महिला पर्यवेक्षक सरोज यादव,संतोष यादव,चन्दा शर्मा,सहायक विकास अधिकारी राजेश पंवार,ब्रांड एम्बेसडर आशा सुमन व नीमराना ब्लॉक की समस्त ग्राम साथिनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मातृशक्ति मौजूद रही।

# राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति 2022 लागू, बेघर व्यक्तियों का होगा सर्वे और चिन्हीकरण

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति 2022 के तहत प्रथम चरण में बेघर व्यक्तियों का सर्वे और चिन्हीकरण किया जाएगा।राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति 2022 के लागू होने के पश्चात नीति के क्रियान्वयन के संबंध में टास्क फोर्स समिति की प्रथम बैठक आज मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष प्रथम में आयोजित की गई। श्री जूली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हितधारकों द्वारा आगामी 2 माह में बेघर व्यक्तियों का सर्वे पूर्ण करवाए जाने पर सहमति व्यक्त की गई।श्री जूली ने कहा कि सर्वे के उपरांत आए गए निष्कर्षों के आधार पर योजना की आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे का कार्य संभाग स्तर, जिला स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर सर्वे कार्य पंचायती राज संस्थाओं द्वारा तथा शहरी स्तर पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किए जाने पर हितधारकों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।उन्होंने कहा कि बेघर व्यक्तियों को पर्याप्त आवास व्यवस्था के साथ आश्रम उपलब्ध कराना तथा उनको विकास की



मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा सशक्तिकरण पर्याप्त रोजगार सर्जन के साथ प्रशिक्षण के अवसर सहित स्वरोजगार एवं सामाजिक हकों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।उल्लेखनीय है कि ह्यराजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति-2022ह्न नीति के अंतर्गत 50 वर्ग फीट प्रति व्यक्ति की न्यूनतम जगह के साथ छत उपलब्ध कराने, विशेष श्रेणी के लोगों को समुचित निजता एवं सुरक्षा उपलब्ध करवाए जाने संबंधी प्रावधान किए गए हैं। साथ ही, नीति में पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शिक्षा, सुरक्षा आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताएं भी उपलब्ध करवाए जाने एवं बेघर व्यक्तियों के लिए शेल्टर्स गृह का संचालन करने सहित विभिन्न प्रावधान हैं। इस निर्णय से बेघरों को शिक्षा, कौशल एवं रोजगार उपलब्ध करवाया जाकर सशक्त बनाया जाएगा।बैठक में श्री कुंजीलाल मीणा, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग, श्री जोगाराम शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, श्री अजयपाल लांबा अतिरिक्त आयुक्त पुलिस, डॉ समित शर्मा, शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, श्रीमती अनु प्रेरणा सिंह कुंतल पदेन विशिष्ट शासन सचिव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा अन्य वरिष्ठ एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नवजीवन योजना के ऑनलाइन पोर्टल तथा ऑनलाइन रैंकिंग डैशबोर्ड का हुआ उद्घाटन

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने आज मंगलवार को नवजीवन योजना के ऑनलाइन पोर्टल तथा विभागीय अधिकारियों के लिए ऑनलाइन रैंकिंग डेशबोर्ड का शुभारंभ किया।

## अमर शहीद कंवरपाल सिंह चौहान की 14वी पुण्य तिथि पर श्रदांजलि अर्पित की

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। उपखण्ड क्षेत्र के कुतीना गाँव के अमर शहीद कंवरपाल सिंह चौहान की 14वी पुण्य तिथि पर पी सी सी सचिव ललित यादव ने पहुँचकर श्रदांजलि अर्पित की ।ललित यादव ने संबोधित करते हुए कहा की हमे शहीदों का सम्मान करना चाहिए सेना ही है जिनकी वजह से हम आज अपने घरों में सुरक्षित बैठे रहते है इस मौके पर मुख्य अतिथि ज़िला प्रमुख बलवीर छिल्लर व अध्यक्षता पी सी सी सचिव ललित यादव ने की व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## तिजारा जनप्रतिनिधियों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा अस्पताल की जनहित 21 सूत्री मांगों को लेकर सैकड़ों महिला कस्बे के जागरूक लोग उपखंड को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन ।धरने में बार एसोसिएशन ने दिया समर्थन ।उपखंड अधिकारी महेंद्र यादव ने बीसीएमओ ऑफिस में चिकित्सा अधिकारी की ली बैठक बीसीएमओ मनोज यादव चिकित्सा प्रभारी रवि प्रकाश डॉक्टर हिम्मत यादव वरिष्ठ एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनयपाल यादव बनेसिंह बिधूरी सुभाष यादव पूर्व चेयरमैन कमलेश सैनी कार्तिक सैनी एडम गुर्जर सहित रहे मौजूद बैठक में उपखंड अधिकारी द्वारा बताया गया के मांगों के अनुरूप कार्य करने के लिए तथा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए उच्चाधिकारियों व विधायक महोदय जनप्रतिनिधि से संपर्क कर शीघ्र ही आमजन की उक्त समस्याओं के समाधान का रास्ता निकाला जाएगा पुरुषोत्तम सैनी ने जानकारी देते हुए बताया है कि लगातार धरना जारी रहेगा सात दिवसीय तक हमारी मांगे नहीं मानी तो रणनीति तैयार की जाएगी। धरने प्रदर्शन को देखते हुए। उपखंड अधिकारी के निर्देशन में शीघ्र ही सोनोग्राफी की महिला डॉक्टर पूनम वर्मा ने ज्वाइन कर लिया है और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है



## ऑल इंडिया मुस्लिम मीर मिरासी समाज के साहिन खान बने जिला अध्यक्ष

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

किशनगढ़ बास । ऑल इंडिया मुस्लिम मीर मिरासी संस्था के द्वारा नुहू के गांधी पार्क अनाज मंडी में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान मिरासी समाज के जागरूक व्यक्तियों को कार्यकारिणी के लिए निम्न पदों पर नियुक्त किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए साहिन खान नरियाला फिरोजपुर झिरका, उपाध्यक्ष खुशी नीमका, भालू अड़बर, जनरल सेक्रेटरी समीम पुन्हाना, कोषाध्यक्ष वसीम बिछोर, संगठन मंत्री अबरार रहना,आफताब जेजेपी, जिला प्रवक्ता पद पर साबिर जैलदार को चुना गया है। जिला अध्यक्ष चुनने के बाद साहिन खान ने कहा कि उनके ऊपर समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। वह समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे साथ ही समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को साथ लेकर पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाएगा।



## वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति संस्थान जोधपुर संभाग द्वारा महापुरुष नाथाजी महाराज की स्मृति मे रक्तदान शिविर का आयोजन

**मरूधर विशेष/गोविन्द सिंह नाथावत**

वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति संस्थान जोधपुर संभाग द्वारा महापुरुष नाथाजी महाराज की स्मृति मे रक्तदान शिविर का आयोजन मारवाड़ राजपूत सभा भवन पावटा बी रोड जोधपुर मे किया गयाजोधपुर संभाग प्रभारी एडवोकेट विक्रम सिंह नाथावत एवं जोधपुर संभाग सह प्रभारी श्रीमान नरेंद्र सिंह नाथावत ने बताया कि इस अवसर पर पदम भूषण डॉ.श्रीमान नारायण सिंह जी माणकलाव पूर्व सांसद राज्यसभा, श्रीमान हनुमान सिंह जी खांगटा अध्यक्ष मारवाड़ राजपूत सभा जोधपुर, सबसे वरिष्ठ सदस्य श्रीमान नारायण सिंह जी नाथावत ठिकाना देवा का बास, जोधपुर संभाग संरक्षक श्रीमान जसवंत सिंह जी नाथावत सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा(क्त्र्र), नरेंद्र सिंह नाथावत दिलीप सिंह नाथावत, कुलदीपसिंह नाथावत, हर्षवर्धनसिंह नाथावत ठिकाना देबा का बास, इंद्रजीतसिंह नाथावत,भगवानसिंह नाथावत गणपतसिंह नाथावत ,एडवोकेट विक्रमसिंह नाथावत चंद्रभानुसिंह नाथावत, दिलीपसिंह नाथावत हर्षवर्धनसिंह नाथावत ठिकाना रेवड़ा खुर्द सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे समारोह में वरिष्ठ जनों एवं रक्त दाताओं को सम्मानित किया गया



## साइटसेवर्स संस्था द्वारा सरकारी विद्यालयों के दृष्टिबाधित बालक व बालिकाओं को प्लस करिकुलम एव आईसीटी पर शिक्षकों का समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रुपेश शर्मा**

अलवर ' साइटसेवर्स संस्था द्वारा सरकारी विद्यालयों के दृष्टिबाधित बालक व बालिकाओं को प्लस करिकुलम एव आईसीटी पर शिक्षकों का समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम समन्वयक एकता गोयल ने बताया कि साइटसेवर्स एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है जो राजस्थान के 12 जिलों में नेत्र स्वास्थ्य एवं 4 जिलों में समावेशी शिक्षा के लिए कार्य कर रही है। साइटसेवर्स द्वारा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के मध्य हस्ताक्षरित एमएमओयू अलवर जिले में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं के लिए साइटसेवर्स संस्था डीएक्ससी के आर्थिक सहयोग से शिक्षा परियोजना चला रही है। संस्था द्वारा 21 दिसम्बर से अलवर जिले में संयोजन के पहले चरण में 5 दिवसीय मोबाइल, 10 दिवसीय प्लस करिकुलम ,4 दिवसीय शिक्षकों के ट्रेनिंग का आयोजन एक निजी होटल में किया गया ट्रेनिंग में 29 दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं मोबाइल एवं ब्रेल किट वितरण कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। संस्था द्वारा शिक्षकों को समावेशी शिक्षा शास्त्र एवं आईसीटी का प्रशिक्षण 21 दिसम्बर से प्रारम्भ कर संस्था में दृष्टिबाधित बच्चों को पढ़ाने की विधि कक्षा कक्ष प्रबंधन एवं समावेशी शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने शिक्षा के मुख्यम धारा से जोडने एवं सक्षम लगाने में सहायक सिद्ध होगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मनोज कुमार शर्मा, राज्यकार्यक्रम प्रमुख अमरेश कुमार पांडे, ने अलवर जिले में दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए चलाएं जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।



## जनाक्रोश यात्रा की महासभा में कठूमर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बजाज ने किया स्वागत सम्मान

**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**

खेड़ली। जनाक्रोश यात्रा की महासभा में मुख्य वक्ता के रूप में आए दिल्ली के सांसद रमेश बिधूडी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान माधव सिंह चौधरी का स्वागत और सम्मान भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज सांसद प्रतिनिधि लोकसभा भरतपुर विधानसभा कठूमर ने मंच पर किया। वही स्वागत की इस कड़ी में सुनील बजाज ने जिलाध्यक्ष संजय सिंह नरूका का भी माल्यार्पण कर और भाजपा का दुपट्टा पहना कर स्वागत और सम्मान किया।



## ट्राइबल केयर सेवा संस्थान बांसवाड़ा ने मनाया सावित्रीबाई फूले और जयपालसिंह मुंडा जयंती

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः ट्राइबल केयर सेवा संस्थान ने 3 जनवरी को उपाध्याय पार्क में भारतीय इतिहास की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले और संविधान सभा में आदिवासियों के हक अधिकारों के पैरोकार जननायक जयपालसिंह मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैयालाल खांट , मुख्य अतिथि संजय रावत और विशिष्ट अतिथि दिनेश चरपोटा ,हरचंद खड़िया रहें। कार्यक्रम में श्री खांट ने सावित्रीबाई फूले की संघर्ष मयी जीवनी पर प्रकाश डाला और तत्कालीन परिस्थितियों में ज्योतिबाफुले की संगति से भारतीय इतिहास की पहली महिला शिक्षिका बन पाई, और जब शिक्षिका बनीं तो नारी शक्ति, महिला शिक्षा और विधवा महिलाओं के लिए आश्रय स्थल खोलें।। साथ ही जयपालसिंह मुंडा के संविधान सभा में आदिवासियों के लिए जल जंगल और जमीन के अधिकारों संरक्षण किया और जनजातियों के लिए संविधान में पांचवीं और छठी अनुसूची में संवैधानिक पैरोकार के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम में संस्थान के बागीदौरा ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दिनेश चरपोटा ब्लाक अध्यक्ष, प्रवीण हुवोर मंत्री बनाया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री खेमराज हुवोर और आभार कैलाश चन्द्र चरपोटा ने माना। कार्यक्रम में रामचंद्र सुरावत, पृथ्वीराज, भोलाराम उपस्थित रहें।



## जो पीढ़िया पूर्वजों को विस्मृत कर देती हैं वह मिट जाती हैं - समरजीत कश्यप

**मरुधर विशेष / संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - ग्राम पंचायत अकबरपुर कछवाह के सभी मजरों के गरीब, असहायों एवं निर्धनों को पूर्व प्रधान मटिहा समरजीत कश्यप के नेतृत्व में जगदीश प्रसाद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान मैकूलाल कश्यप ने एवं संचालन चन्द्रशेखर त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रधान एवं कार्यक्रम आयोजक समरजीत कश्यप ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष अपने पूर्वजों की याद में असहाय लोगों के मध्य कम्बल वितरित करते है, श्री कश्यप ने कहा कि जो पीढ़िया अपने पूर्वजों को विस्मृत कर देती हैं वह मिट जाती हैं, असहाय लोगों की जरूरतों को पूरा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। गरीबों के हृदय में ईश्वर का वास होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इं. हीरालाल निषाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज कुमार बाजपेई, सोसाइटी के सचिव गिरजेश कुमार कश्यप, गनेश प्रसाद कश्यप, अविरल कश्यप, अनामिका कश्यप, छोटी यादव, भीमशंकर कश्यप, उमा कश्यप, छेदी कश्यप, अमरचन्द्र कश्यप, कृष्ण कुमार वर्मा, दिनेश पासवान, रामलखन यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर धूमधाम के साथ निकली शोभायात्रा

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां- प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका, महिलाओं तथा वंचित वर्गों की शिक्षा व समानता के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाली महान समाज सेविका, महिला सशक्तिकरण की प्रतीक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सैनी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बैंडबाजो व झांकियों के साथ कामा कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा का कामां कस्बे के बाजारों में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कियासैनी समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष वैध रूपबसंत सैनी ने बताया कि सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर पहाड़ी रोड स्थित ज्योतिबा फुले छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित कर सैनी समाज के लोगों ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों से उनके बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया दोपहर को बैंड बाजों के साथ कामां कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर शोभायात्रा निकाली गई जो सैनी समाज छात्रावास से प्रारंभ होकर भूमिया बुर्ज, लक्कड़ बाजार ,लाल दरवाजा, सदर बाजार, नगरपालिका, मथुरा दरवाजा होती हुई कामेश्वर मोहल्ला में सैयद गुलाबशाह की बगीची पर जाकर संपन्न हुई शोभायात्रा का कामा कस्बे के बाजारों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया नगर पालिका पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब ढाणा के नेतृत्व में व डॉक्टर दीना लूहेसर, अफजल सबलाना, शाकिर अली, आदि कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में रंग-बिरंगे परिधानों में सजी 101 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण करते हुए चल रहा थी



## तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम दिछौली में अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई गई 0.969 हेक्टेयर भूमि। अतिक्रमणकारियों पर लगाया गया 5.73 लाख का जुर्माना

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी 03 जनवरी 2023, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव ने बताया कि तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम दिछौली में चारागाह, नहर व खलिहान की भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराते हुए कब्जा खाली कराया गया है साथ ही अतिक्रमणकारियों पर 5.73 लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम दिछौली में चारागाह, नहर व खलिहान की 0.969 हे0 भूमि पर उसी गांव के चार अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा लगभग चार-पांच वर्षो से अवैध रूप से कब्जा कर फसल बोई जा रही थी, मामला संज्ञान में आने पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर बोई गई फसल को टीम द्वारा जुतवाकर कब्जा खाली कराया गया साथ ही अवैध कब्जेदारों क्रमशः शिवकुमारी पत्नी हरिबक्श सिंह निवासी ग्राम दिछौली के ऊपर रुपये 309120, संजय कुमार पुत्र श्रीराम के ऊपर रुपए 56000, शिव शंकर पुत्र उमादत्त के ऊपर 56000 तथा रविंद्र नाथ सिंह पुत्र भगवान बक्स सिंह के ऊपर रुपये 151900 का जुमार्ना भी लगाया गया है। बताते चले कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों को जनपद में अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत एसडीएम मुसाफिरखाना द्वारा अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।



## कई दिनों से मानसिक संतुलन खराब होने से महिला गुमशुदा की तलाश

**मरुधर विशेष / संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - महिला का नाम सरिता सिंह पत्नी सूर्यबख्स सिंह उम्र लगभग 48वर्ष निवासी गौरा मजरे डेला थाना डीह जनपद रायबरेली हैं जिनका मानसिक संतुलन लगभग 10वर्ष से ठीक नहीं हैं इनका कद लगभग 5फुट मीडियम शरीर रंग गोरा यह आसमानी हरे कलर की साड़ी व लाल रंग का साल पहने हुए हैं 29दिसंबर से घर से अचानक गायब हो गयी हैं ' जिस भाई को यह महिला दिखाई दे या मिले तो कृपया इसकी सुचना डीह थानाध्यक्ष के मोबाइल नंबर 9454404128 व इनके पति सूर्यबख्स सिंह के मोबाइल नंबर 7992015100पर सुचना देने का कष्ट करें महिला को उसके घर ऊपर लिखे पते पर पहुँचाने वाले को 5000रुपए का ईनाम दिया जाएगा ' धन्यवाद



# सावित्री फुले की जयंती पर किया महिला शिक्षाविदों का सम्मान

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः सावित्री फुले की जयंती पर किया महिला शिक्षाविदों का सम्मान ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान की बांसवाड़ा इकाई ने मंगलवार को भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर जिले मे शिक्षा की अलख जगा रही शिक्षाविदों को सावित्री बाई की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। मंच के संयोजक डॉ नरेश पटेल ने बताया कि इस अवसर पर गोविंद गुरु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीमा भूपेंद्र, हरिदेव जोशी कन्या महाविद्यालय की डॉ सरला पंड्या को सम्मानित किया गया।डॉ भूपेंद्र ने महाविद्यालय मे सावित्री फुले पर खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने की सहमती प्रदान की। डॉ नरेश पटेल ने बताया कि सावित्री फुले ने विकट स्थिति मे जब महिलाओं को शिक्षा का हक नहीं था तब अपने पति ज्योति राव फुले की प्रेरणा से 18 स्कूल प्रारम्भ किए और समानता का हक दिलवाया। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की जो सामाजिक स्थिति है और जो बदलाव आया है उसमें बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान सावित्रीबाई फुले का है। उनका योगदान हमेशा जन मानस मे स्मरण रहेगा। सावित्री बाई फुले की प्रथम स्कूल में सभी वर्गो की महिलाओं का प्रवेश किया गया था, इससे पूर्व महिलाओं को पढ़ाने में कई तरह की बंदिशे थी। सावित्री बाई फुले के उस दौर में महिलाओं का पढ़ना धर्म भ्रष्ट करना मानकर समाज के लोगों द्वारा उन पर कीचड़ फेंका जाता था लेकिन आज उनके प्रयासों से स्थिति बहुत बदल गई हैं और आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला का विराजमान होना सावित्री बाई फुले की तपस्या का ही नतीजा हैं। ये जानकारी डॉ नरेश पटेल ने दी।



## धर्म को अचारण में लाया जाएगा तभी जीवन सफल हो पाएगा अन्यथा कितने भी ग्रंथ पढो, पूजा क्रियाऐ कर लो परंतु जो पढा है वो आचरण मे आकर परिवर्तित नही होता है तब तक इन क्रियाओ का कोई भी महत्व नही होता है --धाम के महंत अच्युतानंदजी महाराज

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बडोदिया । बेणेश?वर धाम के पीठाधीश?वर गोस?वामी अच?युतानंदजी महाराज ने कहा कि धर्म को अचारण में लाया जाएगा तभी जीवन सफल हो पाएगा अन?यथा कितने भी ग्रंथ पढो, पूजा क्रियाऐ कर लो परंतु जो पढा है वो आचरण मे आकर परिवर्तित नही होता है तब तक इन क्रियाओ का कोई भी महत्व नही होता है । यह विचार उन्होंने श्री हरि मंदिर बडोदिया में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुऐ व्यक्त किऐ । बेणेश?वर धाम पर प्राण प्रतिष्ठा के सफल आयोजन पर विशेष धर्म सभा के लिए देहाती समाज के निवेदन पर आए महंत श्री ने कहा कि हमारे धर्म मे जितने भी मुल ग्रंथ लिखे गऐ है वो सभी किसी न किसी गुरू द्वारा ही लिखे गऐ है । मतलब वो खुद गुरू भी उस आचरण मे ढले फीर ग्रंथो को लिखा और वही सब सत्य ही हो रहा है और हमे भी उसी मार्ग सत्य के मार्ग पर चलकर हमारे जीवन का कल्याण करना चाहिऐ । इस दौरान रूपा महाराज हरिमंदिर बडोदिया, मोगजी भाई मईडा अडतालीस देहाती जिलाध्यक्ष, डाक्टर विटठल ताबीयार अडतालीस देहाती आदिवासी समाज तीस के अध्यक्ष,रामजी भाई उपाध?यक्ष, अमरेंग भाई पुर्व सरपंच बांसला, प्रधान बागीदौरा सुभाष खराडी, रूकमणी देवी सरपंच बागीदौरा,भंवरलाल भावसार,रणछोड मालीवाड,रूपजी भाई पटेल के अलावा बडी संख्या में बडोदिया,ईटाउवा,बुडवा,चौखला,बांसला,सेवना,लक्ष्मीपुरा,पाडीकला आदि कई गांवो के भक्तजन उपस्थित थे । -- दो हजार से अधिक भक?तों की भक्ति के साथ ही जब गोपी के रूप में विटला भाई व रणछोड भाई तथा मुरली वाला कन्हैया का वेश धारण कर लाला भाई व सदस?यों ने बडोदिया के मुख्य बस स्टेण्ड से लेकर गीत गाते -- --- कारो कानुडो मारा हिवडा में बसयो, बाई मीरा गांवे हरि ना गुण .............। गाते नाचते रास नत्य करते हुए महंत श्री को बडोदिया बस स्टेण्ड से श्री हरि मंदिर तक ले गए । रास नृत्य व भक्ति से ओत प्रोत माव भक्त पुरे मार्ग पर नाचते गाते गुरू आगमन पर हर्ष मनाते महंत श्री के चरणो की वंदना कर रहे थे । इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित भक्त इनके रास नृत्य से प्रभावित होकर इन कलाकारो पर पुष्पवृष्टी की।भामाशाह व स्वयं सेवक सम्मान समारोह -- रणछोड मालीवाड बडोदिया ने बताया कि बेणेश्वर धाम पर एक माह पूर्व हूई प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भामाशाह व स्वयं सेवक के रूप में अपना सहयोग देने वाले हरदार भाई कोतवाल,कचरा भाई कोतवाल, प्रभुभाई कोतवाल, विटला भाई कोतवाल,धनजी भाई कोतवाल,रमेश भाई व हुरजी महाराज व बालमुकुंद महाराज का भी सम्मान किया गया । आयोजन मे बागीदोरा प्रधान ने बडोदिया हरिमंदिर परिसर मे बाऊड्रीवाल व शोचालय बनाने की घोषणा की । बडोदिया को श्रेष्ठ नगर बनाने का दिलाया संकल्प -धाम के महंत अच्युतानंदजी महाराज ने धर्म सभा में कहा कि मेरा सबसे बडा काम था बेणेश्वर में मंदिर बनाना और प्रतिष्ठा कराना । वो कार्य पूर्ण रूप से सफल हो गऐ है तो अब दुसरा कार्य बडोदिया से शुरू करते है कि अब कोई भी किसी भी प्रकार का नशा सेवन मांस मंदिरा का उपयोग नही करे । अच्युतानंदजी महाराज ने कहा कि मेरी इच्छा यही है कि मांस मंदिरा से दुर होकर यहां के भक्त बडोदिया को श्रेष्ठ नगर की उपाधी से सुशोभित करे जिससे समाज में नई जाग्रती आएगी । यह सुनते ही बडी संख्या में माव भक्तो के साथ अन्य लोगों ने अपने हाथ खडे कर गुरू के वचनो का पूर्ण करने का विश्वास दिलाया ।



## नवचेतना गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन देवपूजन के साथ शुरू हुआ गायत्री महायज्ञ

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी। नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन देवपूजन के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। युगतीर्थ शांन्तिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि टोली नायक राजकुमार भृगु, गायक सुनील बंशीधर, वादक दिनेश कुमार व राजाराम के द्वारा गीत-संगीत के साथ विधिवत देव आवाहन पूजन के साथ संपन्न कराया गया। गायत्री मंत्रों के साथ 24 कुंडों पर 3 पालियों में हवन कराया गया।यज्ञशाला को रामशंकर पाठक व आचार्य इंद्रदेव के द्वारा कई दिनों की मेहनत के बाद तैयार किया गया। 1 जनवरी को मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ हुए नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ में 24 कुण्डों पर मुख्य यजमान सपत्नीक शामिल हुए। सायंकाल जीवन में गायत्री की महत्ता विषय पर गोष्ठी में व्याख्यान देते हुए टोली नायक राजकुमार भृगु ने गायत्री मंत्र और गायत्री मंत्र के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि परम-पूज्य गुरुदेव ने अपनी तपश्चर्या से गायत्री मंत्र को पूरी दुनिया मे फैलाया। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र कोई साधारण मंत्र नहीं है, महामंत्र जितने जग माही कोउ गायत्री सम नाहीं। गायत्री मंत्र जपने के वैज्ञानिक लाभ हैं। गायत्री मंत्र सद्बुद्धि देने, प्राण शक्ति देने वाला, दुःख का नाश करने वाला, सुख की वृद्धि करने वाला, श्रेष्ठता, तेजस्विता को बढ़ाने वाला, पापों का नाश करने वाला, परमात्मा को अंतरात्मा में धारण करने वाला अद्भुत मंत्र है। इसके निरंतर जप करने से अपने आप बहुत सारे सकारात्मक परिवर्तन शुरू हो जाते हैं। गायत्री मंत्र का पहला शब्द है ॐ, और अब तो नासा के वैज्ञानिकों के शोध में यह बात सामने आई है कि सूरज की किरणों से निकलने वाली तरंगों की ध्वनि ॐ ही है। गायत्री मंत्र सविता देवता का मंत्र है, सूर्य भगवान का मंत्र है। जिससे जितना बन पड़े उतना जप अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गायत्री मंत्र के बारे में बहुत सी भ्रांतियां फैलाई गई, मिथ्या प्रचार किया गया किंतु पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने गायत्री मंत्र को जन-जन तक पहुँचाया। आज अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य करोड़ों की संख्या में पूरी दुनिया मे फैले हुए हैं। 3 जनवरी को युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित है जिसमें जनपद के हजारों युवाओं के शामिल होने की योजना है।



## जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण और राज्य प्रशासनिक सेवा में आरक्षण की मांग को लेकर के एक मंच पर दिखे कांग्रेस, बीजेपी , बीटीपी और आदिवासी परिवार

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः आदिवासी आरक्षण मंच की बैठक भील समग्र विकास परिषद्, कुशलगढ,में आयोजित की गई। आरक्षण मंच का संचालन करते हुए केसर सिंह डामोर ने बताया कि सज्जनगढ़ और कुशलगढ़ दोनों ब्लॉकों की कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण, राज्य प्रशासनिक सेवाओं में पृथक आरक्षण, आरपीएससी की समस्त टीएसपी क्षेत्र की भर्तियों में न्यूनतम अंकों की बाध्यता को हटाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने जनजाति वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी समाजों के लोगों को सहयोग करने के साथ राजनीतिक पार्टियों से सहयोग की मांग रखी। कुशलगढ़ की बैठक में कांग्रेस, बीजेपी, बीटीपी और आदिवासी परिवार एक मंच पर नजर आए.बैठक में पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर कुशलगढ़ पंचायत समिति प्रधान कान सिंह जी रावत , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपसिंग वसुनिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव रोहित जी खड़िया ,इळढ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय जी मईडा, प्रोफेसर कमलकांत कटारा, भील समग्र विकास परिषद के अध्यक्ष रूप जी बारिया, दिनेश जी राणा, भवानी निनामा,डॉ जोहान सिंह देवदा, डॉ. सोमेश्वर जी गरासिया, सरपंच श्रवण लाल राणा, एडवोकेट महेश जी कटारा, जिला सहसंयोजक एडवोकेट कांतिलाल जी गरासिया, राकेश जी पारगी, महेश मईडा भास्कर जी निनामा, बलवन जी मसार, मनोज डामोर, दिलीप जी वसुनिया , एडवोकेट कुलदीप जी डामोर, राम सिंह जी वडखीया, करण सिंह जी और बलवंत गणावा, प्रेम सिंह गणावा, कमलेश पार गी, प्रकाश मई डा, कमल कटारा, मुकेश जी पटेल , लाल सिंह जी डिंडोर, डोलसिंह जी डामोर, कमलेश जी मेडा, गलिया जी कटारा , पप्पू लाल जी कटारा आदि बड़ी संख्या में सभी जनप्रतिनिधि युवा वर्ग कर्मचारी संघ समाज के शुभचिंतक आदि उपस्थित थे। अंत में आभार भील समग्र विकास परिषद के अध्यक्ष रूप जी बारिया ने किया।




## व्यवसायिक शिक्षा छात्र छात्राओं के उन्नत भविष्य का आधार स्तंभ : सुशीलचंद्र जैन

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाःऑन जॉब ट्रेनिंग के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वा ब्लॉक बागीदौरा का कक्षा 11वीं 12वीं की छात्राओं का दल लिओ कॉलेज बांसवाड़ा में संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास केंद्र पर पहुंचा। कौशल मित्र किशोर शुक्ला, वीटी नीता बारोट एवं भारत सिंह के नेतृत्व में वहां पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान सुशील चंद्र जैन एडीपीसी समग्र शिक्षा बांसवाड़ा, विशिष्ट अतिथि श्रीमान उमेश अधिकारी एपीसी समग्र शिक्षा बांसवाड़ा एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री विनय व्यास थे। आरंभ में कौशल मित्र किशोर शुक्ला ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन विनय व्यास ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमान जैन साहब ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवसायिक शिक्षा जीवन का आधार स्तंभ है। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में व्यवसायिक शिक्षा की गतिविधि छात्र छात्राओं को न केवल रोजगार उन्मुख बनाती है अपितु दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है। शीतकालीन अवकाश में ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाई जा रही है वह निश्चित तौर पर सार्थक परिणाम को प्रदान करने वाली है। कार्यक्रम में एडीपीसी सुशील चंद्र जैन ने छात्राओं से संवाद कर संबलन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल मित्र, किशोर शुक्ला ने किया एवं आभार वीटी भारत सिंह ने व्यक्त किया।



## हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा धरना स्थल पर मुस्लिम युवाओं ने दिया नारा

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर 51 दिन से चल रहा अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना अनवरत जारी हैं धरने का समर्थन करने के लिए मेवात के पहाड़ी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आए मुस्लिम समाज के युवाओं ने समाजसेवी वसीम अकरम के नेतृत्व में धरने का समर्थन करते हुए लाल दरवाजा पर नारा दिया कि हिंदू ,मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा। राजनीतिक दलों ने क्षेत्र में विभाजन पैदा किया हुआ है।लोगों प्रदाय के रूप में बांटा हुआ है जबकि हमें इस जिला बनाओ आंदोलन में राजनीति से ऊपर उठकर आगे आना चाहिए।यदि कामा जिला बनता है तो रोजगार की बड़ी संभावनाएं यहां पर उत्पन्न हो सकती हैं। जिससे हिंदू-मुस्लिम व अन्य सभी समुदायों को फायदा होगा किसी समुदाय विशेष से यह संबंध नहीं रखता है। यहां की जनता अब राजनीतिक चंगुलों से निकलकर कामा के विकास के लिए स्वयं आगे आ रही है। दलों ने स्वयं की राजनीतिक रोटियां सेकने के सिवा कुछ नहीं किया विकास के नाम पर कामां अछूता सा दिखाई दे रहा है अब जनता को मैदान में आकर अपने हक की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। जिला बनाने वालों की मांग के समर्थन में अब्दुल बासित, शौकीन पहाड़ी, रईस मदीर, अरशद, शहजाद ,शाहरुख उभाका, अंसार पाहट सहित दर्जनों युवा मौजूद थे




## सेवानिवृत्त होने पर विश्नोई का भव्य स्वागत

उमेश इणखिया/मरुधर विशेष फलोदी। भारतीय सेना के जवान सोनाराम विश्नोई भोजाकोर 28 वर्ष की गौरवमयी राष्ट्र सेवा के बाद सूबेदार पद से सेवा निवृति लेकर बड़े ही गर्व के साथ फलौदी पहुंचने पर भारत माता के गगनभेदी नारों व मंगल गीत के साथ भव्य स्वागत किया।पर्यावरण संरक्षण सेवक ओम प्रकाश विश्नोई ने बताया कि सैनिक के रूप में राष्ट्र सेवा का हमें भले ही अवसर नहीं मिला हो लेकिन भारतीय सेना के हौशला बढ़ाने का फर्ज व नैतिक कर्त्तव्य हमारा भी बनता है। इसी भाव के साथ आज राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक प्रेमजी विश्नोई ,गौरव सैनिक भरमल राम ईशरवाल, गौरव सैनिक भाई फरसाराम,गौरव सैनिक सूबेदार मलाराम कालीराणा, सैनिक सोहनराम ईशरवाल,माता शांति,पत्नी सीमा विश्नोई,भावना विश्नोई ,पुत्री गीता विश्नोई,भाई ओम प्रकाश, मांगीलाल,भंवरलाल,भागीरथ राम सारण, दिनेश कालीराणा ,गौरव सैनिक शैतान सिंह ईशरवाल,राजू ईशरवालआदि सैकड़ो लोगों ने पलक पावड़े बिछाकर सूबेदार सोनाराम विश्नोई का भव्य स्वागत किया। सूबेदार सोनाराम विश्नोई ने बड़े गर्व के साथ देश वासियों को कहा कि भारतीय सेना बहुत ही महान सेना है भारत माता की सेवा के लिए हर युवा को बड़े गर्व के साथ राष्ट्र सेवा में बढ़चढ़ कर आगे आकर सेवा देनी चाहिए।वर्तमान में अग्निवीर सेवा हर युवा के लिए देश बहुत ही अच्छा अवसर है। प्रत्येक युवा को राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए।



## अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद, तिलोई की बैठक सम्पन्न

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के तिलोई में नव वर्ष के द्वितीय दिवस पर राजेन्द्र बहादुर सिंह , पूर्व प्राचार्य व जिला पंचायत सदस्य एवं तहसील संरक्षक क्षत्रिय कल्याण परिषद के संयोजन में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद, तिलोई- अमेठी की कार्यकारिणी की बैठक रुद्र प्रताप सिंह जी- अध्यक्ष की अध्यक्षता में सांगीपुर, तिलोई- अमेठी में सम्पन्न हुई। जिसमें सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श हुआ, सभी ने मिलकर कहा आज के समय में इस संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका व आवश्यकता है। इन्द्र विक्रम सिंह जी ने कहा यह बैठक प्रत्येक मास होनी चाहिए, जिसमें हम सभी क्षत्रिय कल्याण परिषद के विस्तार व विकास के लिए योजना बना सकें। रुद्र प्रताप सिंह जी ने बताया, परिषद के माध्यम से गौरीगंज में हम सबके शौर्य व स्वाभिमान महाराणा प्रताप जी की ऐतिहासिक प्रतिमा लगाई जायेगी, जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। संरक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह जी ने सबके विचारों व सुझावों का स्वागत करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी, और अल्प सूचना पर अपना अमूल्य समय देने के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला कार्यकारिणी सदस्य राज किशोर सिंह- जिलाध्यक्ष, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ- अमेठी एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह- प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ -अमेठी व ब्लॉक कार्यकारिणी से इन्द्र विक्रम सिंह- महामंत्री, चंद्रेश शरण सिंह- महामंत्री,घन श्याम सिंह - कोषाध्यक्ष, डॉ धनंजय सिंह- सदस्य, इन्द्र कुमार सिंह- सदस्य, डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह - सदस्य एवं इन्द्र पाल सिंह जी- पूर्व प्राचार्य उपस्थित रहे कार्यकारिणी के 4 पदाधिकारी हेमेंद्र प्रताप सिंह ( लल्लू बाबू ), प्रदीप सिंह, उमेश प्रताप सिंह- उपाध्यक्ष, एवं मयंक प्रताप सिंह- मंत्री व्यक्तिगत कारणों से बैठक में प्रतिभाग नही कर सके



## सहायक विकास अधिकारी कैलाश चंद जाटव को संघ का जिला कोषाध्यक्ष बनने पर पंचायत समिति स्टाफ ने किया स्वागत

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। पंचायत समिति सभागार में सहायक विकास अधिकारी कैलाश चंद जाटव को संघ का जिला कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर विकास अधिकारी यशवंत शर्मा की उपस्थिति में स्वागत किया गया। शनिवार को अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ जिला अलवर के चुनाव हुए थे जिसमे सर्वसम्मति से पंचायत समिति कठूमर के सहायक विकास अधिकारी कैलाश चंद जाटव को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिला कोषाध्यक्ष बनने पर पंचायत समिति के स्टाफ द्वारा साफा बंधन एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विकास अधिकारी यशवंत कुमार शर्मा,अति विकास अधिकारी योगेश टांक,सहायक विकास अधिकारी विष्णु बंसल,महेश शर्मा, भगवान सहाय मीणा, शिवचरण मीणा, राजेश जाटव, सुखराम मीणा,मनोज भारद्वाज,ओमवीर, रिमांशु शर्मा, हितेश गोयल, राजू, हरीश,देवकरण,सरपंच प्रतिनिधि रूप सिंह, ब्रजकिशोर सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



